**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

ज्ञान शांति मैत्री


आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सामाजिक विकास के लिए सामाजिक-शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता : प्रो. कुमुद शर्मा

**• वर्धा समाज कार्य संस्थान द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम -2026**

**• सरकारी-गैर सरकारी संगठनों की सहभागिता**

**वर्धा, 13 अगस्त 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, के वर्धा समाज कार्य संस्थान एवं सामाजिक नीति अनुसंधान प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक संस्थाओं और समाजकार्य के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प कार्यक्रम-




2026' का आयोजन गुरुवार, 13 अगस्त को किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि सामाजिक विकास एवं जनकल्याण के लिए नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने वर्धा समाज कार्य संस्थान द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी सामाजिक संस्थाओं द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अवसाद (डिप्रेशन) शब्द सुनने में भले ही छोटा लगता हो, लेकिन इससे जुड़ी समस्या अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा कि समाज का विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बालराजु ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि क्षेत्रकार्य केवल समाज कार्य पाठ्यक्रम का एक हिस्सा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को समाज की जमीनी वास्तविकताओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समाज कार्य के क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग एवं सहभागिता की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज कार्य शिक्षा का उद्देश्य




केवल विद्यार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण कराना अथवा सामाजिक संस्थाओं में रोजगार के लिए तैयार करना नहीं है, बल्कि उन्हें समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़कर सेवा के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक बनाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रो. के. बालराजू द्वारा लिखित 'महाराष्ट्र राज्य में भूमिहीन किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति' विषयक 'प्रो-बोनो' शोध प्रतिवेदन का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपना परिचय देते हुए अपने-अपने संस्थानों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं कार्यक्षेत्रों की जानकारी दी। कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को विश्वविद्यालय का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। संचालन वर्धा समाज कार्य संस्थान सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल ने किया तथा डॉ. शिवाजी जोगदंड ने आभार माना। इस अवसर पर अतिथि अध्यापक डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योति कुमारी एवं डॉ. अंकित कुमार पाण्डेय सहित समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक के सभी विद्यार्थियों तथा वर्धा जिले में कार्यरत 25 सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

### सामाजिक विकासासाठी सामाजिक-शैक्षणिक संस्थांनी एकत्रितपणे कार्य करण्याची गरज : प्रो. कुमुद शर्मा

**• वर्धा समाजकार्य संस्थेतर्फे 'सेवा संकल्प कार्यक्रम-२०२६'चे आयोजन**

**• सरकारी, गैर सरकारी संस्थांचा सहभाग**

वर्धा, १३ ऑगस्ट २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या वर्धा समाजकार्य संस्था आणि सामाजिक धोरण संशोधन प्रकोष्ठ यांच्या संयुक्त विद्यमाने सामाजिक संस्था आणि समाजकार्याच्या विद्यार्थ्यांना एका व्यासपीठावर आणण्याच्या उद्देशाने 'सेवा संकल्प कार्यक्रम-२०२६'चे आयोजन गुरुवारी, १३ ऑगस्ट रोजी करण्यात आले.

कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा होत्या. त्या म्हणाल्या की सामाजिक विकास आणि जनकल्याणासाठी नागरिक, सामाजिक संस्था तसेच शैक्षणिक संस्थांनी एकत्रितपणे कार्य करण्याची गरज आहे. वर्धा समाजकार्य संस्थेने आयोजित केलेल्या या उपक्रमाचे कौतुक करत त्यांनी विविध सरकारी आणि गैरसरकारी सामाजिक संस्थांकडून समाजासाठी करण्यात येत असलेल्या कार्याचेही कौतुक केले. युवकांच्या मानसिक आरोग्याबाबत चिंता व्यक्त करताना त्या म्हणाल्या की, 'डिप्रेशन' हा शब्द ऐकायला जरी छोटा वाटत असला, तरी त्याच्याशी संबंधित समस्या अत्यंत गंभीर आहेत. समाजाचा विकास ही केवळ सरकारची जबाबदारी नसून त्यामध्ये प्रत्येक नागरिकाची महत्त्वपूर्ण भूमिका असते, असेही त्या म्हणाल्या.

स्वागत भाषणात वर्धा समाजकार्य संस्थानचे निदेशक प्रो. के. बालराजू म्हणाले की क्षेत्रकार्य हा केवळ समाजकार्य अभ्यासक्रमाचा एक भाग नसून विद्यार्थ्यांना समाजातील प्रत्यक्ष वास्तवाशी जोडणारे महत्त्वाचे माध्यम आहे. समाजकार्य शिक्षणाचा उद्देश केवळ विद्यार्थ्यांना परीक्षेत उत्तीर्ण करणे किंवा सामाजिक संस्थांमध्ये रोजगारासाठी तयार करणे हा नसून त्यांना समाजाच्या वास्तविक समस्यांशी जोडून सेवाभावाबाबत संवेदनशील आणि जबाबदार नागरिक घडवणे हा आहे. कार्यक्रमादरम्यान प्रो. के. बालराजू यांनी लिहिलेल्या 'महाराष्ट्र राज्यातील भूमिहीन शेतकऱ्यांची सामाजिक-आर्थिक स्थिती' या विषयावरील 'प्रो-बोनो' संशोधन अहवालाचे प्रकाशन करण्यात आले.

कार्यक्रमात विविध सामाजिक संस्थांच्या प्रतिनिधींनी आपला परिचय करून देत त्यांच्या संस्थांकडून करण्यात येत असलेल्या कार्याची तसेच कार्यक्षेत्रांची माहिती दिली. कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या हस्ते सर्व सामाजिक संस्थांच्या प्रतिनिधींचा विद्यापीठाचे स्मृतिचिन्ह देऊन सत्कार करण्यात आला.

कार्यक्रमाची सुरुवात दीपप्रज्वलनाने झाली. संचालन वर्धा समाजकार्य संस्थेचे सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल यांनी केले तर डॉ. शिवाजी जोगदंड यांनी आभार मानले. यावेळी अतिथी अध्यापक डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योती कुमारी आणि डॉ. अंकित कुमार पांडेय यांच्यासह समाजकार्य पदवी आणि पदव्युत्तर अभ्यासक्रमातील सर्व विद्यार्थी तसेच वर्धा जिल्ह्यात कार्यरत २५ सरकारी आणि गैरसरकारी संस्थांचे प्रतिनिधी सहभागी झाले.